Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to give employment to local people in IFFCO in Phulpur, Uttar Pradesh.

श्री नागेन्द्र प्रताप सिंह पटेल (फूलपुर) : अध्यक्ष महोदया, मैं फूलपुर लोकसभा क्षेत्र इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश से उप-चुनाव में फूलपुर की जनता के आशीर्वाद से जीत कर आया हूं। फूलपुर में इफको फैक्टरी है। फूलपुर के आस-पास के गांव के किसानों की जमीन फैक्टरी बनाने में गई है, जिसकी वजह से काफी किसान भूमिहीन भी हो गए हैं। यहां कभी-कभी अमोनिया गैस का रिसाव भी हो जाता है और फैक्टरी से मलबा एवं धूआं भी निकलता है, जिसका दुष्प्रभाव फूलपुर के आस-पास के ग्रामीण किसानों, मजदूरों तथा उनके परिवार वालों को भुगतना पड़ता है। इफको के अधिकारी आस-पास के ग्रामीण मजदूरों को कोई काम नहीं देते हैं। यदि किसी मजदूर को काम दे दिया, तो कुछ समय में ही कोई बहाना बनाकर नौकरी से निकाल देते हैं। इफको के अधिकारी अपने चहेते ठेकेदारों के माध्यम से दूसरे प्रदेश से लेबर लाकर फैक्टरी का काम करवाते हैं और फूलपुर के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को फैक्टरी में काम नहीं देते हैं, जिससे कि आस-पास के ग्रामीण मजदूर बेरोजगार हैं और उन्हें अपना तथा अपने परिवार का पेट पालने के लिए दूसरे जिलों में जाना पड़ता है। आपसे अनुरोध है कि इफको के आस-पास के ग्रामीण मजदूरों को इफको फैक्टरी में काम दिया जाए।